भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3857

17 मार्च, 2020 को उत्तरार्थ

**विषय: मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस और अंतरराष्ट्रीय मृदा वर्ष**

**3857. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः**

**श्री सुधीर गुप्ताः**

**श्री गजानन कीर्तिकरः**

**श्री बिद्‌युत बरन महतो**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने हाल में मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस और अंतरराष्ट्रीय मृदा वर्ष मनाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) आयोजित किए गए कार्यक्रमों और इवेंटों का ब्यौरा क्या है और सरकार द्‌वारा कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु क्या पहल की गई;

(घ) देश में सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने में राज्य सरकारों की सहायता हेतु शुरू की गई योजना का ब्यौरा क्या है;

(ङ) प्रारंभ होने से अब तक मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना में शामिल व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) दूसरे चक्र वर्ष 2017-19 के दौरान लाभान्वित किसानों/वितरित मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क) से (ग) :** जी हां। कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग (डीएसीएंडएफडब्ल्यू) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्‌वारा प्रत्येक वर्ष 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस (संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्देशानुसार) और 19 फरवरी (मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम की शुरूआत तारीख) को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व मृदा दिवस का प्रमुख उद्देश्य खाद्‌य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन का अनुकूलन व शमन, गरीबी उन्मूलन, सतत विकास के लिए मृदा की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता लाना है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस का अभिप्राय मृदा जांच आधारित समेकित पोषक प्रबंधन को अपनाने की आवश्यकता के बारे में किसानों को जागरूक करना; मृदा स्वास्थय बनाए रखने के लिए शुरू किए गए नीतिगत निर्देशों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम के 5 वर्ष सफलतापूर्वक पूरा होने के अवसर पर दिनांक 19 फरवरी, 2020 को एनएएससी, पूसा, नई दिल्ली; हिसार कृषि विश्वविद्यालय, हरियाणा तथा आईसीएआर-पूर्वोत्तर राज्यों के लिए क्षेत्रीय केन्द्र, बारापानी मेघालय में मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस का आयोजन किया गया था। माननीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में संबंधित राज्य मंत्रियों की उपस्थिति में उपर्युक्त प्रत्येक स्थान पर किसान गोष्ठियां आयोजित की गई थी। किसानों, राज्य सरकारों, उर्वरक कंपनियों, वैज्ञानिकों आदि ने इन गोष्ठियों में भाग लिया।

**(घ) :** राज्य सरकारों को फार्म मृदाओं को परीक्षण करने में सहायता करने तथा देश के सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने के लिए वर्ष 2014-15 में मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम शुरू की गई थी। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को उनकी मृदा की पोषक स्थिति तथा मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता को उन्नत बनाने के लिए फसल विशिष्ट उपयुक्त पोषक तत्वों की खुराक संबंधी सिफारिशों के बारे में जानकारी देती है। प्रत्येक 2 वर्ष के अंतराल पर नियमित रूप से 12 मानकों के लिए मृदा की स्थिति का आकलन किया जाता है ताकि पोषक तत्वों की कमी की पहचान की जा सके तथा उपचारात्मक कदम उठाए जा सकें।

वर्तमान वित्त वर्ष (2019-20) के दौरान “मॉडल ग्राम विकास” नामक एक पायलेट परियोजना की शुरूआत की गई है जहां ग्रिड में नमूना चयन करने के बजाय किसानों की सहभागिता से निजी फार्म होल्डिंग पर मृदा के नमूने लिए जाते हैं। राज्यों द्वारा पायलेट परियोजना की कार्यान्वयन हेतु प्रत्येक ब्लॉक में एक गांव का चयन किया गया है।

**(ङ) :** मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम के अंतर्गत व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुबंध** पर है।

**(च) :** द्वितीय चक्र - II (2017-19) के दौरान 11.75 करोड़ किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड से लाभान्वित हुए/उन्हें वितरित किए गए।

लो.स.अ.ता.प्र.सं.3857

**अनुबंध**

**मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार व्यय का विवरण**

**11.03.2020 तक**

**रू. लाख में**

| क्र.सं. | राज्य | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 124.08 | 457.75 | 1394.47 | 1225.67 | 1345.97 | 898.05 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 12.23 | 21.08 | 37.37 | 65.86 | 49.40 | 0.00 |
| 3 | असम | 50.85 | 142.07 | 365.03 | 748.94 | 561.70 | 187.24 |
| 4 | बिहार | 253.39 | 488.17 | 0.00 | 1290.39 | 515.23 | 0.00 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 66.04 | 281.03 | 342.72 | 700.10 | 350.05 | 0.00 |
| 6 | गोवा | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 25.64 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | गुजरात | 80.76 | 603.46 | 528.69 | 1832.61 | 1017.12 | 0.00 |
| 8 | हरियाणा | 34.13 | 288.22 | 0.00 | 1600.46 | 959.50 | 0.00 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 24.08 | 47.34 | 29.42 | 150.77 | 105.83 | 0.00 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 31.79 | 77.16 | 0.00 | 246.54 | 200.23 | 0.00 |
| 11 | झारखंड | 50.69 | 53.97 | 64.18 | 148.69 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | कर्नाटक | 127.02 | 650.25 | 1029.80 | 1670.66 | 1625.44 | 0.00 |
| 13 | केरल | 112.62 | 60.93 | 0.00 | 206.03 | 130.97 | 0.00 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 142.86 | 888.05 | 1373.54 | 2371.91 | 1935.13 | 0.00 |
| 15 | महाराष्ट्र | 215.96 | 932.30 | 1910.73 | 3120.42 | 3560.21 | 0.00 |
| 16 | मणिपुर | 12.80 | 17.58 | 0.00 | 34.05 | 0.00 | 0.00 |
| 17 | मेघालय | 13.62 | 20.60 | 0.00 | 60.96 | 60.96 | 0.000 |
| 18 | मिजोरम | 11.98 | 13.79 | 6.15 | 23.30 | 27.35 | 29.39 |
| 19 | नागालैंड | 13.18 | 22.46 | 17.55 | 53.37 | 40.03 | 0.00 |
| 20 | ओडिशा | 80.23 | 269.89 | 304.48 | 683.92 | 341.96 | 0.00 |
| 21 | पंजाब # | 25.81 | 304.98 | 0.00 | 811.57 | 405.79 | 0.00 |
| 22 | राजस्थान | 143.42 | 875.79 | 1108.29 | 4219.34 | 1796.15 | 0.00 |
| 23 | सिक्किम | 11.75 | 11.81 | 0.00 | 88.46 | 92.09 | 0.00 |
| 24 | तमिलनाडु | 131.91 | 469.51 | 644.92 | 1286.18 | 905.26 | 0.00 |
| 25 | तेलंगाना | 93.48 | 352.92 | 468.25 | 997.83 | 498.92 | 0.00 |
| 26 | त्रिपुरा | 18.38 | 22.71 | 59.21 | 52.83 | 63.54 | 0.00 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 354.47 | 1716.42 | 2442.05 | 4638.62 | 2319.31 | 0.00 |
| 28 | उत्तराखंड | 23.40 | 65.19 | 144.70 | 218.46 | 224.30 | 120.60 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 117.14 | 480.12 | 1094.96 | 1274.36 | 405.80 | 0.00 |
| 30 | पुडुचेरी | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 19.87 | 14.90 | 0.00 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 7.70 | 0.00 | 0.00 |
| 32 | दादर एवं नागर हवेली | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 8.34 | 0.00 | 0.00 |
| | **कुल** | **2378.07** | **9635.54** | **13366.49** | **29883.85** | **19553.14** | **1235.28** |

---